# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही

भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन को 1 अगस्त को फाइनल मुकाबले में भी जारी रखा और गोल्ड मेडल जीता है

- राजस्थान के कोटा की अरुंधति ने महिलाओं के 70 किलो भारवर्ग को खिताबी मुकाबले में अरुंधति ने इंग्लैंड की चैंटली रीड को 5-0 से पटखनी देकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।
- भारत का यह ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉक्सिंग में पांचवां गोल्ड और छठा पदक है।
- अरुंधति ने 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। वह 2026 में वर्ल्ड कप बॉक्सिंग और एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी है

**Yesterday Revision**

प्रश्न 1: राजस्थान में 77वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव (1 अगस्त 2026) की शुरुआत कहाँ से हुई और प्रथम चरण में कहाँ चंदन वन विकसित किए जाएंगे?

उत्तर: इसकी शुरुआत उदयपुर के कालका माता (दूधतलाई) से हुई और प्रथम चरण में उदयपुर, सिरोही, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ में 4 चंदन वन विकसित किए जाएंगे।

प्रश्न 2: राजस्थान में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 254 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक 'खाटू श्याम रेलवे स्टेशन' का निर्माण कहाँ किया जाएगा?

उत्तर: सुंदरपुरा में।

प्रश्न 3: राजस्थान में ग्रामीणों के राजस्व मामलों (सीमाज्ञान, नामांतरण आदि) का निस्तारण करने के लिए तीन दिवसीय 'गांव चलो अभियान' कब से चलाया जाएगा?

उत्तर: 18 सितंबर से।

प्रश्न 4: ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की पुरुष जैवलिन थ्रो स्पर्धा में जयपुर के किस एथलीट ने 85.41 मीटर थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता है?

उत्तर: यशवीर सिंह ने।

प्रश्न 5: अंगदान जागरूकता अभियान के तहत 1,41,922 लोगों से अंगदान का संकल्प दिलाकर देश में किस राज्य ने पहला स्थान हासिल किया है?

उत्तर: राजस्थान ने।

1. **निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) राजस्थान के भीलवाड़ा के पुर कस्बे की रहने वाली संध्या विश्नोई ने अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2026 में सिल्वर पदक जीता है

(B) इससे पहले भीलवाड़ा की अश्विनी विश्नोई गोल्ड और सीकर की कोमल ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं.

**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

राजस्थान के भीलवाड़ा के पुर कस्बे की रहने वाली संध्या विश्नोई ने अजरबैजान के बाकू में आयोजित अंडर-17 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2026 में 46 किलोग्राम वर्ग का सिल्वर मेडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया है

- फाइनल मुकाबले में जापान की कोकोना मंकीनो के खिलाफ संध्या के कान और हाथ में चोट लगी दर्द के बावजूद पूरा मुकाबला खेला, हालांकि उन्हें 11-2 से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा.
- संध्या अंडर-17 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2026 के फाइनल तक पहुंचने वाली राजस्थान की चौथी पहलवान बनी हैं. वहीं इस प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाली प्रदेश की तीसरी पहलवान हैं.
- इससे पहले भीलवाड़ा की अश्विनी विश्नोई गोल्ड और सीकर की कोमल ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं.

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) भारतीय वायुसेना का 7 दिवसीय विशेष युद्धाभ्यास रोटर क्लैप-III 3 अगस्त को पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित हुआ

(2) अभ्यास के दौरान पोकरण के रेगिस्तानी इलाके में वास्तविक युद्ध जैसे हालात तैयार किए गए थे।

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भारत-पाकिस्तान सीमा के समीप स्थित सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना का 7 दिवसीय विशेष युद्धाभ्यास रोटर क्लैप-III 3 अगस्त को संपन्न हो गया।
- 7 दिनों तक चले इस गहन सेनाभ्यास का मुख्य उद्देश्य कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के ड्रोन और मानवरहित हवाई वाहनों को हवा में ही पहचान कर उन्हें ध्वस्त करने की क्षमता को परखना और मजबूत बनाना था।
- अभ्यास के दौरान पोकरण के रेगिस्तानी इलाके में वास्तविक युद्ध जैसे हालात तैयार किए गए थे।

03.राजस्थान में दौसा के युवा निशानेबाज अभिषेक मीणा ने पंजाब के पटियाला में आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया ओपन शॉटगन चैंपियनशिप में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान में दौसा के युवा निशानेबाज अभिषेक मीणा ने पंजाब के पटियाला में आयोजित प्रतिष्ठित इंडिया ओपन शॉटगन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा वर्ग में रजत पदक जीतकर पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है.
- 22 जुलाई से 31 जुलाई तक पटियाला में आयोजित राजा रणधीर सिंह मेमोरियल कप एवं इंडियन ओपन टूर्नामेंट (प्री-नेशनल्स) में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली निशानेबाज शामिल हुए.
- इस प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया था.

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम राजस्थान में राजीविका के माध्यम से इसका क्रियान्वयन किया जाता है

(2) प्रमुख उद्देश्य; ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (SVEP) ग्रामीण विकास मंत्रालय की दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत संचालित होता है।

- राजस्थान में इसका क्रियान्वयन राजीविका के माध्यम से किया जाता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर गांवों में सूक्ष्म उद्यम स्थापित करना है।
- प्रमुख उद्देश्य; ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना।
महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना। गांवों से पलायन कम करना, स्थानीय संसाधनों पर आधारित व्यवसाय विकसित करना।
- पात्रता; 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का ग्रामीण व्यक्ति। स्वयं सहायता समूह (SHG) के सदस्य, ग्रामीण युवा, महिलाएं, छोटे किसान, बेरोजगार, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य वंचित वर्गों को प्राथमिकता।
- डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, खाद्य प्रसंस्करण (मसाले, पापड़, अचार आदि), सिलाई, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयर, किराना, स्टेशनरी, रेडीमेड गारमेंट, हस्तशिल्प, कृषि एवं कृषि आधारित उद्यम

**05. राजस्थान में किस जिले में स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS मेडिकल कॉलेज) को ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर (अंग पुनर्चक्रण/प्राप्ति केंद्र) के रूप में विकसित किया जाएगा**

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

जयपुर स्थित राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS मेडिकल कॉलेज) को ऑर्गन रिट्रीवल सेंटर (अंग पुनर्चक्रण/प्राप्ति केंद्र) के रूप में विकसित किया जाएगा।

- राष्ट्रीय अंगदान दिवस के अवसर पर आरयूएचएस मेडिकल कॉलेज में यह केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया
- इस केंद्र के माध्यम से अंगदान को बढ़ावा देने, जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित तरीके से अंगों को प्राप्त करने की सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

जयपुर, शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-162

**राष्ट्रीय** वायरल हैपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजस्थान में किस वर्ष तक 'हैपेटाइटिस सी' के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है?

(A) वर्ष 2025 तक (B) वर्ष 2027 तक
(C) वर्ष 2030 तक (D) वर्ष 2035 तक

**राजस्थान** सरकार द्वारा 'नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर' से बचाव और जागरूकता के लिए हाल ही में कौन सी पहल प्रारम्भ की गई है?

(A) निरोगी लिवर अभियान
(B) मिशन लिवर स्माइल
(C) स्वस्थ यकृत योजना
(D) मुख्यमंत्री हैपेटाइटिस सुरक्षा योजना

**हाल** ही में (जुलाई 2026) राजस्थान पुलिस अकादमी ने पुलिस कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए किस विश्वविद्यालय के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं?

(A) यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (यू.के.)
(B) यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (यू.के.)
(C) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी (यू.एस.ए.)
(D) कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी (यू.के.)

**'राष्ट्रीय** प्राकृतिक खेती मिशन' के तहत क्लस्टर गठन में राजस्थान का देश में कौनसा स्थान है?

(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा

**पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत चित्तौड़गढ़ जिले का उत्पाद कौन सा है?

(A) ग्रेनाईट एवं मार्बल के उत्पाद
(B) थेवा आभूषण
(C) क्वार्ट्ज
(D) कोटा डोरिया

**Today, Quiz:**

Q. रा जस्थान ने अंगदान जागरूकता अभियान के तहत 1,41,922 लोगों से अंगदान का संकल्प दिलाकर देश में पहला स्थान हासिल किया है?

(A) तीसरा स्थान

(B) पहला स्थान

(C) दूसरा स्थान

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine